भारत सरकार

संचार मंत्रालय

दूरसंचार विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. *255

उत्तर देने की तारीख 10 जुलाई, 2019

दूरसंचार सुविधाएं

***255. श्री जी॰एम॰ सिद्देश्वरा:**

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या कर्नाटक में बड़ी संख्या में गांवों में दूरसंचार सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और राज्य में ऐसे गांवों की संख्या कितनी है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई/की जा रही है?

उत्तर

संचार, विधि और न्याय तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री रवि शंकर प्रसाद)

(क) से (ग): एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

"दूरसंचार सुविधाएं" के बारे में लोक सभा के दिनांक 10.07.2019 के तारांकित प्रश्न सं. *255 के भाग (क) से (ग) के संबंध में लोक सभा के पटल पर रखा जाने वाला विवरण।

(क) से (ग) वर्ष 2018 में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं से एकत्र किए गए आंकड़ों के अनुसार, यह अनुमान लगाया गया था कि कर्नाटक राज्य के आबादी वाले 27,397 गांवों (वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार) में से आबादी वाले 869 गांव ऐसे हैं जहां मोबाइल सेवा उपलब्ध नहीं है। इनका जिला-वार ब्यौरा अनुबंध पर दिया गया है। इन गांवों में मोबाइल सेवाएं उपलब्ध नहीं होने के कारणों में, अन्य बातों के साथ-साथ, सुदूर और दुर्गम क्षेत्र तथा इधर-उधर बिखरी हुई आबादी वाले विविध स्थित क्षेत्र शामिल हैं। सरकार और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं द्वारा ऐसे गांवों में मोबाइल कवरेज उपलब्ध कराने का कार्य चरणबद्ध रूप से किया जा रहा है। दूरसंचार विभाग की क्षेत्र इकाई से प्राप्त सूचना के अनुसार, पिछले एक वर्ष के दौरान कर्नाटक के 273 गांवों में क्रमिक रूप से मोबाइल सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं तथा अब आबादी वाले 596 गांवों में मोबाइल सेवाएं उपलब्ध कराना शेष है। इसके अतिरिक्त, भारतनेट परियोजना के तहत कर्नाटक में 6242 ग्राम पंचायतों (ब्लॉक मुख्यालयों (बीएचक्यू) सहित) में 14010 कि.मी. ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाई गई है जिनमें से 6166 ग्राम पंचायतें (बीएचक्यू सहित) ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी सेवा प्रदान करने के लिए तैयार हैं।

अनुबंध

लोक सभा में "दूरसंचार सुविधाएं" के बारे में माननीय संसद सदस्य श्री जी.एम.सिद्देश्वरा द्वारा दिनांक 10 जुलाई, 2019 को पूछे गए तारांकित प्रश्न सं.*255 के भाग 'क' से 'ग' के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

कवर न किए गए आबादी वाले गांवों की जिला-वार सूची (वर्ष 2018 की स्थिति के अनुसार)

क्र. सं.	जिला का नाम	आबादी वाले गांवों की कुल संख्या (वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार)	कवर किए गए आबादी वाले गांवों की संख्या	कवर न किए गए आबादी वाले गांवों की संख्या
1	बागलकोट	613	609	4
2	बैंगलोर	562	562	0
2	बैंगलोर ग्रामीण	957	951	6
3	बेलगाम	1263	1198	65
4	बेल्लारी	522	499	23
5	बीदर	595	585	10
6	बीजापुर	679	666	13
7	चामराजनगर	428	410	18
8	चिक्कबल्लपुर	1324	1305	19
9	चिकमंगलूर	1022	980	42
10	चित्रदुर्ग	948	921	27
11	दक्षिण कन्नड	331	329	2
12	दावनगेरे	800	791	9
13	धारवाड़	361	352	9
14	गडग	322	313	9
15	गुलबर्गा	871	851	20
16	हसन	2418	2372	46
17	हावेरी	696	692	4
18	कोडागू	291	274	17
19	कोलार	1608	1574	34
20	कोप्पल	595	589	6
21	मंड्या	1368	1358	10
22	मैसूर	1199	1190	9
23	रायचूर	815	801	14
24	रामनगर	820	801	19
25	शिमोगा	1444	1330	114
26	तुमकुर	2582	2549	33
28	उडुपी	233	233	0
29	उत्तर कन्नड़	1243	964	279
30	यादगीर	487	479	8
	कुल	27397	26528	869

******